श्रम नियमों का अंग्रेजी पाठ

3280. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के अधिकांश श्रमिक अंग्रेजी नहीं जानते हैं और लगभग सभी श्रम नियम अंग्रेजी में हैं तथा न्यायालय भी अंग्रेजी में काम करते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो श्रमिक नियमों के हिन्दी और अंग्रेजी पाठ किस सीमा तक उपलब्ध हैं तथा श्रम न्यायालय किस भाषा का प्रयोग करते हैं ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

देश में कृषि संस्थान

3281. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कृषि मंत्रालय के अधीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों की, जिनमें देश भर में उनके अधीनस्थ संस्थान सम्मिलित हैं, संख्या कितनी है तथा उन पर प्रतिवर्ष कितना व्यय किया जा रहा है और उनमें कार्यरत वैज्ञानिकों की संख्या कितनी है ;

(ख) इन संस्थानों के कार्यकलापों से किसानों को परिचित कराने के लिए क्या प्रबन्ध किये गये हैं ; और

(ग) क्या इन सभी संस्थानों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां कार्य कर रही हैं और क्या इन समितियों में गैर-सरकारी सदस्य नाम निर्देशित किये गये है और यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं और यदि नहीं, तो उन सभी समितियों में हिन्दी के पर्यवेक्षक कब तक नियुक्त कर दिए जायेंगे ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Demonstration by women social workers and students

3282 SHRI J. P. GOYAL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that over three hundred women social workers and college students held a demonstration on the 1st March, 1988 before the Doordarshan Kendra;

(b) if so, what were their demands; and

(c) the reaction of Government towards their demands?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI H. K. L BHAGAT): (a) There was a demonstration before Doordarshan Kendra, Delhi on 1st March, 1988 but their number and composition cannot be specified.

(b) The main demand was to have a monitoring committee to ensure that programmes objectionable to women are not shown and advertisements advocating small family norms are not shown at a time when children could view them.

(c) Doordarshan does not agree with their view that it has been telecasting programmes which are objectionable to and biased against women. The code followed by Doordarshan prohibits telecasting any thing obscene or defamatory towards women. The studies made by Doordarshan do not show that there is general objection to Family Welfare Programme.